WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक
# मेरठ दर्पण

वर्षः 05 अंक 331 मेरठ, शनिवार 19 जून, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रुपया आईना सच का.........




## नवनियुक्त कप्तान से बोले पीड़ित साहब बचा लो नहीं तो हमारी हत्या हो जाएगी





**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ के एसएसपी बने प्रभाकर चौधरी 3 दिन बाद यानि 18 जून को पुलिस लाइन सभागार में मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान उन्होंने ज्यादा बात ना करते हुए सीधा क्राइम पर अंकुश लगाने की बात कही। उन्होंने बताया कि जल्द ही वह एक व्हाट्सएप नंबर जारी करेंगे, जिसमें अगर किसी को शिकायत है तो वह सीधा उनसे संपर्क कर सकता है। करीब 10 मिनट का समय मीडिया को देने के बाद जैसे ही वह बाहर आए, तो मवाना से आए तीन युवक इलियास, उस्मान और बिलाल एसएसपी प्रभाकर चौधरी के सामने भी रोने बिलखने लगे। उन्होंने बताया कि पड़ोस के रहने वाले नवाब, बाबर और इरशाद अपराधी किस्म के लोग हैं, जो आए दिन लोगों को डराते धमकाते और मारपीट करते रहते हैं। इलियास ने बताया कि 2 माह पूर्व उनके चाचा के लड़के के से इन तीनों ने मारपीट की थी। जिसकी शिकायत उन्होंने थाना मवाना में दर्ज कराई। इसी के बाद से ही यह लोग रंजिश रखते हुए आए दिन उनके घर पर हमला करते हैं। अपने मोबाइल में उन्होंने मारपीट की सीसीटीवी फुटेज एसएससी को दिखाते हुए जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई। वहीं, इस मामले में एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## पार्षद सतनाम सिंह नामी ने स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** भाजपा की ओर से कंकर खेडा स्थित टिकाराम चमेली देवी स्वास्थ्य केंद्र को पार्षद सतनाम सिंह नामी को गोद दिया गया सुविधाओ का ध्यान अन्य देख रेख की जिम्मेदारी पार्षद की होगी आज कंकर खेडा मंडल अध्यक्ष अशोक सबलोक व मंडल के समस्त पदाधिकारियो ने हश्वस्पिटल का निरिक्षण कर स्टाफ को कोरोना मे मरीजो कि देखभाल व कोविड 19 वैक्सीन के लिए क्षैत्र कि जनता को अधिक से अधिक लोगो तक संदेश पहुँचाने की योजनाए बनाई गई इस अवसर पर कंकरखेड़ा मंडल अध्यक्ष अशोक सब लोग, पूर्व मंडल अध्यक्ष गुल्लू ठाकुर, मंडल उपाध्यक्ष राजीव गुप्ता ,कुलदीप चौधरी, ओमवीर, मनमोहन सिंह, मंडल मीडिया प्रभारी मनोज त्यागी, दीपक गुप्ता ,नितिन शर्मा, प्रभा पाल, रीना गुप्ता, प्रदीप भाटिया, दीपक खुराना, बालेश गर्ग,मोहित किरवाल, सुनील शाक्य, राजकुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

## 1 जुलाई से बिना रजिस्ट्रेशन होगा कोविड-19 टिकाकरण

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** 18 साल से ज्यादा उम्र के हैं और मेरठ के रहने वाले हैं तो आपके लिए यह खबर काम की है। दरअसल अब जिले में 18 वर्ष से ज्याद उम्र के लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने की जरूरत नहीं हैं। अब आप अपना आधार कार्ड ले जाकर सीधा सीएचसी पर जाकर टीका लगवा सकते हैं। वैक्सीनेशन प्रतिशत बढ़ाने के लिए मेरठ स्वास्थ्य विभाग ने यह फैसला किया है।

**ऑनलाइन सर्टिफिकेट मिलेगा**

सीएचसी प्रमुख डॉ. अंकुर त्यागी ने बताया टीकाकरण का विशेष सत्र सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों सीएचसी एवं उप केंद्रों पर चलाया जाएगा। जुलाई के प्रथम हफ्ते में सभी सीएचसी, पीएचसी पर यह सुविधा मिलेगी। इसके तहत 18 साल से ज्यादा आयु वर्ग के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सीधे आकर टीकाकरण करा सकते हैं। लाभार्थियों को ऑनलाइन सर्टिफिकेट भी प्राप्त होगा। मेरठ के हस्तिनापुर सीएचसी पर यह व्यवस्था 1 जुलाई से प्रारंभ हो रही है।

**धर्मगुरू संभालेंगे टीकाकरण के प्रचार का जिम्मा**


मेरठ में मुस्लिम आबादी को टीकाकरण के लिए प्रेरित करने का जिम्मा मुस्लिम धर्मगुरुओं को दिया है। जिला प्रशासन ने धर्मगुरूओं से अनुरोध किया है कि मस्जिदों में ऐलान कराकर टीकाकरण के फायदे लोगों को बताएं। मुस्लिम इलाकों में जाकर लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। लोगों के मन में टीके के लिए जो भ्रांतियां हैं वो खत्म हों और ज्यादा से ज्यादा टीकाकरण हो।

## संयुक्त व्यापार समिति का प्रतिनिधिमंडल समस्या को लेकर डीएम से मिला



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** संयुक्त व्यापार समिति का एक प्रतिनिधिमंडल महामंत्री विपुल सिंगल के नेतृत्व में मेरठ के बाजार की साप्ताहिक बंदी दिवस शनिवार के स्थान पर रविवार को परिवर्तित किए जाने के संबंध में जिलाधिकारी मेरठ से मिला । संज्ञान में लाया गया कि मेरठ के समस्त बाजार मार्च 2020 से कोरोना महामारी के चलते मंदी के दौर से गुजर रहे हैं। एक दिन की बाजार बंदी भी मेरठ के व्यापारियों का चूल्हा जलने से कई बार रोक देती है। बाजारों से जुड़े उनके कर्मचारी तथा मजदूरी करने वाले लोग रोज कमाकर रोज का घर खर्चा चलाते हैं। संयुक्त व्यापार समिति आपका धन्यवाद व्यक्त करती है कि आपने अभी पूर्व ही में सोमवार की साप्ताहिक बंदी को शनिवार में परिवर्तित कर मेरठ के व्यापारियों ध्कर्मचारियों तथा उनसे जुड़े मजदूरों को राहत देने का कार्य किया। मान्यवर धीरे-धीरे कोरोना महामारी का असर अब लगभग खत्म होता जा रहा है, और रोजाना आने वाले पिसिटिव केस भी मेरठ में ही नहीं प्रदेश में भी बहुत कम हो गए हैं, जिसको देखते हुए अभी 15 जून को प्रदेश सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार चला आ रहा शनिवार व रविवार का जनता कर्फ्यू आने वाली 21 जून के पश्चात मात्र रविवार का रह जाएगा। ऐसे में प्रदेश सरकार की मंशा के मुताबिक व्यापारी 6 दिन व्यापार कर सकेगा। साप्ताहिक दिवस शनिवार घोषित करने के बाद अब उसे परिवर्तित कर साप्ताहिक अवकाश रविवार कर दिया जाए जिससे मेरठ के बाजार सप्ताह में 6 दिन खुल सके और मेरठ में प्रतिदिन 300 करोड़ से ज्यादा का व्यापार बंदी की वजह से प्रभावित ना हो। इस मौके पर संयुक्त व्यापार समिति के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, महामंत्री विपुल सिंघल, कोषाध्यक्ष मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष सुशील रस्तोगी, मंत्री विकास गोयल, अपार मेहरा, अरविंद चौधरी, राजीव सिंघल, अमित जैन, सचिन मोहन मुकेश मित्तल , रजत कुमार, अम्बुज रस्तोगी, शम्मी आनंद आदि मौजूद रहे।

## राज्यमंत्री संजीव गोयल सिक्का ने पल्हेड़ा स्थिति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** उत्तर प्रदेश उपभोक्ता संघ के दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री संजीव गोयल सिक्का ने पल्हेड़ा स्थिति प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। पल्हेड़ा में संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को राज्य मंत्री ने गोद लिया है। उन्होंने केंद्र पर मौजूद डॉक्टर दिवाकर से सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। वैश्विक महामारी कोविड-19 के संक्रमण में जन जन को सुरक्षित रखने में अपना बहुमूल्य योगदान देने वाले चिकित्सको व स्टाफ का आभार व्यक्त किया तथा कहा कि जहाँ बीमार वही उपचार के सिद्धांत पर जोन बनाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ओ.पी.डी. में अधिक से अधिक मरीज देखे जाए। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के महानगर मंत्री गौरव मलिक, रविन्द्र शर्मा , बिट्टू पाल, संचित भोला, विनोद पाल, मुखिया, मनोज वाल्मीकि, गुरु वचन, छोटी चौहान, सागर पाठक आदि मौजूद रहे।

## चिकित्सकों के साथ हो रही हिंसा के विरोध में आईएमए का प्रदर्शन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** आईएमए के अखिल भारतीय आह्वान के अंतर्गत चिकित्सकों के साथ हो रही हिंसा के विरोध में संगठन की जिला इकाई ने शुक्रवार को भाजपा सांसद के साथ-साथ आईजी व डीएम को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने डाक्टरों के साथ हो रही हिंसा पर सख्ती से रोक लगाने की मांग उठाई। आईएमए के प्रदेश अध्यक्ष डा0एमके बंसल, जिलाध्यक्ष डा0अनिल कपूर व सचिव डा0मनीष त्यागी सुबह सबसे पहले सांसद राजेन्द्र अग्रवाल के आवास पर पहुंचे जहां सांसद की अनुपस्थिति में उनके प्रतिनिधि हर्ष गोयल ने उनका ज्ञापन लिया। इसके बाद डाक्टरों का प्रतिनिधिमंडल आईजी प्रवीण कुमार व डीएम के बालाजी से मिला तथा उन्हे एक ज्ञापन सौंपा। इस दौरान डा0ऋषि भाटिया आदि भी थे।

# महिलाओं का स्वावलंबन व सुरक्षा प्रदेश सरकार की प्राथमिकताः अध्यक्षा विमला बाथम

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा विमला बाथम व सदस्या रखी त्यागी ने आज जनपद के जिला महिला अस्पताल, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तारापुरी व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दौराला का निरीक्षण किया। अध्यक्षा ने महिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान वहां पिंक बूथ के संबंध में जानकारी ली तथा कहा कि यह महिला अस्पताल में होना चाहिए। उन्होने कहा कि महिलाओं का स्वावलंबन व सुरक्षा प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। महिलाओ को उनके घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो इसके प्रयास किये जा रहे है। उन्हें सभी जगह साफ-सफाई की व्यवस्था अच्छी मिली। अध्यक्षा विमला बाथम जी ने जिला महिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान वहां लेबर रूम, वैक्सीनेषन रूम, एसएनसीयू यूनिट, कंगारू मदर केयर द्धकेएमसीत्र, आपरेषन थियेटर, अल्ट्रासाउण्ड कक्ष, आईपीडी, प्राईवेट कक्ष, आयुष्मान कक्ष आदि कक्षो का निरीक्षण किया। अध्यक्षा के समक्ष वैक्सीनेषन रूम में सावित्री देवी उम्र 56 वर्ष व स्नेहलता उम्र 40 वर्ष ने कोरोना महामारी नियंत्रण के लिए वैक्सीनेषन कराया। अध्यक्षा ने कहा कि सभी को कोरोना वैक्सीनेषन कराना चाहिए। उन्होने कहा कि कोरोना महामारी नियंत्रण में उ0प्र0 में अच्छा कार्य हुआ है। अध्यक्षा विमला बाथम जी ने कहा कि वह व्यवस्थाएं, कमियां व सुविधाएं देखने के उद्देष्य से निरीक्षण कर रही है। उन्होने कहा कि जिन अस्पतालो का निरीक्षण किया वहां व्यवस्थाएं व सुविधाएं अच्छी है लेकिन मरीज अपेक्षा त कम है। उन्होने कहा कि महिलाओं का स्वावलंबन व सुरक्षा प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। उन्होने कहा कि महिलाओ के अपने घर के नजदीक ही स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो इसके प्रयास है। उन्होने कहा कि पिंक बूथ विशेषकर महिलाओ के लिए बनाया जाता है जिसमें उन्हें विभिन्न सुविधाएं मुहैया करायी जाती है। अध्यक्षा विमला बाथम ने कहा कि महिलाओ के अधिकारो की सुरक्षा के लिए राज्य महिला आयोग का गठन हुआ है। उन्होने कहा कि महिला आयोग हर महिला विषेषकर पीडित महिला के साथ है अगर किसी महिला को कोई परेषानी है तो वह आयोग में अपनी शिकायत भेज सकती है। वहीं सदस्य राखी त्यागी ने कहा कि महिलाएं अपने आप को किसी से कम न समझे। उन्होने कहा कि महिलाएं उनसे व्यक्तिगत रूप से मिलकर अपनी समस्याएं रख सकती है उनकी हर संभव मदद की जायेगी व समस्याओ का निराकरण कराया जायेगा। जिला महिला अस्पताल की एसआईसी डा0 मनीषा अग्रवाल ने बताया कि जिला महिला अस्पताल में वर्तमान में आईपीडी में 12 मरीज भर्ती है। उन्होने कहा कि ओपीडी सेवाएं भी प्रारंभ कर दी गयी है। उन्होने अध्यक्षा के समक्ष जिला महिला अस्पताल में एएमओ आदि डाक्टरो की तैनाती कराने की मांग की। नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तारापुरी के निरीक्षण के दौरान अध्यक्षा विमला बाथम व सदस्या राखी त्यागी ने वहां ओपीडी, आईयूसीडी रूम, टीकाकरण कक्ष आदि कक्षो का निरीक्षण किया। यूपीएससी की प्रभारी डा0 सुनीता चौहान ने बताया कि आज ओपीडी में अभी तक 12 मरीजो को देखा गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दौराला के निरीक्षण के दौरान मा0 अध्यक्षा विमला बाथम व सदस्या राखी त्यागी ने वहां प्रसव पूर्व कक्ष, प्रसव उपरांत कक्ष, एक्सरे रूम, इमरजेन्सी, टीबी यूनिट, पैथोलोजी लैब आदि कक्षो व बनाये जा रहे ऑक्सिजन जनरेषन प्लांट का भी निरीक्षण किया।



एमओआईसी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दौराला डा0 आशुतोष कुमार ने बताया कि वर्तमान में 02 मरीज आईपीडी में भर्ती है तथा आज 228 ओपीडी की गयी। उन्होने बताया कि दौराला शुगर मिल के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दौराला परिसर में ऑक्सिजन जनरेषन प्लांट की स्थापना करायी जा रही है। उन्होने बताया कि उपकरण आदि 22 जून को मिलेंगे। एसीएमओ डा0 पूजा शर्मा ने सभी व्यवस्थाओं की जानकारी दी तथा बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना एक बहुत लाभकारी योजना है जिसका लाभ पात्रो को दिया जा रहा है। इस अवसर पर एसीएम संदीप श्रीवास्तव, जिला महिला अस्पताल की एसआईसी डा0 मनीषा अग्रवाल, एसीएमओ डा0 पूजा शर्मा, एमओआईसी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र दौराला डा0 आशुतोष कुमार, यूपीएससी तारापुरी की प्रभारी डा0 सुनीता चौहान, डीपीओ शत्रुघ्न कन्नौजिया सहित अन्य अधिकारी, चिकित्सक आदि उपस्थित रहे।

## कोरोना संक्रमण से मृतक व्यापारियों को हवन कर श्रद्धांजलि दी



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ संयुक्त व्यापार संघ बिजेन्द्र-वशिष्ठ गुट की ओर से शुक्रवार को कोरोना काल में बिछड़े व्यापारियों के प्रति शोक जताने और भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए मेट्रो प्लाजा स्थित संयुक्त व्यापार संघ कार्यालय में हवन का आयोजन किया गया। जिसमें मृतक व्यापारियों की आत्मा की शांति की कामना के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संरक्षक बिजेन्द्र अग्रवाल, अरूण वशिष्ठ, संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष अजय गुप्ता, महामंत्री सरदार दलजीत सिंह, कमल ठाकुर, पवन मित्तल, संयोजक उपाध्यक्ष सुनील रस्तोगी, नीरज त्यागी, सुधीर रस्तोगी, धनंजय कालिया, अंकित गुप्ता मन्नू, प्रदीप शर्मा, सत्येंद्र अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता पिंकी, सह मीडिया प्रभारी सुधांशुजी महाराज, आशीष बंसल,उज्जवल अरोडा,संदीप रेवडी, अंकुर गोयल रजनीश कौशल आदि मौजूद रहे। इसके बाद दो मिनट का मौन भी रखा गया।

## महाराजा अग्रसेन सेवा समिति द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** महाराजा अग्रसेन सेवा समिति शामली द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधारोपण अभियान में मुख्य अतिथि समिति प्रदेश संयोजक डा अमित अग्रवाल ने कहा कि वृक्ष ही जीवन है, हमे हर त्योहार ओर पर्व ओर त्यौहार पर पौधारोपण करने का प्रण लेना चाहिए। इस अवसर पर समिति प्रदेश सलाहकार मयंक सिंघल ने बताया कि संगठन ने पूरे प्रदेश में 11000 पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके तहत जनपदवार ओर जिला कमैटियो ने नगर नगर में लक्ष्य विभाजित किये है। इस अवसर समिति के जिला अध्यक्ष मनीष मित्तल ने बताया शामली जनपद का लक्ष्य 251 पौधे लगाने का है जिनको जनपद के चहुंओर लगाये जायेंगे, जिनमें से 51 पौधे आज रोपित किये गये है जिसमे पीपल वट वृक्ष, नीम आम जामुन अशोक के पौधे शामिल है। उन्होंने यह भी बताया कि कोरोना काल को देखते हुए सभी कार्यकर्ताओं अलग अगल जगह पधारोपण करने की सलाह दी गयी है।

## वियतनाम में डा. मुक्ति भटनागर के लिये महायानी बौद्ध भिक्षुओं ने की प्रार्थना

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सुभारती ग्रुप की संस्थापिका डा.मुक्ति भटनागर के लिये वियतनाम के बौद्ध मंदिर 'गिया होई फा जियो' में वियतनाम बुद्धिस्ट विश्वविद्यालय के कुलपति व बौद्ध विद्वान डा. थिक ना थू के नेतृत्व में महायानी बौद्ध भिक्षुओं ने विशेष प्रार्थना की। वियतनाम से कार्यक्रम लाइव प्रसारित किया गया। जिसमें महायानी बौद्ध भिक्षुओं ने संघमाता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सुभारती ग्रुप के प्रति संवेदनाएं प्रकट की। वियतनाम बुद्धिस्ट विश्वविद्यालय के कुलपति व बौद्ध विद्वान डा. थिक ना थू ने कहा कि संघमाता डा.मुक्ति भटनागर ने भारत सहित दुनिया भर में बौद्ध धर्म के उत्थान हेतु महान कार्य किया है। उन्होंने कहा कि बौद्ध धर्म की उद्गम स्थली भारत देश है और संघमाता ने बौद्ध धर्म के प्रारम्भिक तत्वों का संरक्षण करते हुए सुभारती ग्रुप के माध्यम से भारत में इसका विस्तारीकरण किया है। उन्होंने कहा कि संघमाता का परिनिर्वाण सुभारती परिवार के साथ वियतनाम के लिये भी अपूरणीय क्षति है जिसे पूरा नही किया जा सकता है। उन्होंने सुभारती परिवार से डा. अतुल ष्ण बौद्ध, डा.शल्या राज, डा. रोहित रविन्द्र, डा.



कृष्णा मूर्ति, डा. आकांक्षा, अवनि, राहुल के लिये दुख की घड़ी में संयम व सहनशीलता हेतु प्रार्थना की। सुभारती विश्वविद्यालय के संस्थापक डा. अतुल कृष्ण बौद्ध ने कहा कि वियतनाम बौद्ध संघ समेत वह विश्व बौद्ध समुदाय के ;णी है। उन्होंने कहा कि शोक की घड़ी में जिस प्रकार विश्व बौद्ध समुदाय ने उन्हें साहस देते हुए तथागत बुद्ध की शिक्षाओं को आत्मसात करने का अवसर दिया है इससे वह निर्वाण की अनुभूति कर रहे है। उन्होंने कहा कि वह तथागत की शिक्षाओं के अनुपालन में अपने कष्टों पर नियंत्रण करते हुए समाज के दुखी व्यक्तियों की सेवा करने हेतु सदैव तत्पर हैं।

## जाहिदपुर स्वास्थ्य केंद्र पर आशा कार्यकर्ताओं को हेल्थ किट वितरित की गई

**मेरठ दर्पण-मेरठ-।** जनहित फाउंडेशन व स्नेह फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से जाहिदपुर स्वास्थ्य केंद्र पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में दक्षिण विधान सभा से विधायक डॉक्टर सोमेंद्र तोमर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए कार्यक्रम में सभी आशा कार्यकर्ताओं को एक हेल्थ किट का वितरण किया गया, हेल्थ किट के अंदर दो फेस शील्ड, एक सेनिटाइजर, एक छ 95 मास्क व पांच जोड़े हाथो के ग्लव्स शामिल थे। दक्षिण विधान सभा से विधायक डॉक्टर सोमेंद्र द्वारा यह कार्यक्रम आयोजन करने के लिए धन्यवाद दिया और सभी आशाओं के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की उनके द्वारा कहा गया की आप कोरोना फ्रंटलाइन वर्कर्स के रूप में कार्य कर रहे है इसलिए आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखे जिससे हम कोरोना वायरस पर विजय पा सके। जनहित फाउंडेशन की निर्देशिका अनिता राणा द्वारा कहा गया की हम सबको मिलकर कोरोना पर विजय पानी है इसके लिए हम सबको सामूहिक रूप से अपनी अपनी जिम्मेदारी निभानी है, राणा द्वारा कहा गया की हमे वैक्सीन को लेकर जो लोगों में



भ्रम बना हुवा है उसे भी खत्म करना है और अपने आस पास ले लोगों को जागरूक करना है। स्नेह फाउंडेशन के सदस्य अवि तिवारी द्वारा आशा कार्यकर्तो को उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो के लिए धन्यवाद किया और कहा आपके बिना हम किसी भी स्वास्थ्य सेवा से जुड़ी योजना का लाभ लोगों तक नही पहुंचा सकते है इसलिए आपका स्वास्थ रहना न केवल अपने परिवार के लिए अपितु समस्त समाज के लिए आवश्यक है, अवि तिवारी द्वारा कहा गया को हमारे द्वारा आपको दो गई किट आपके स्वास्थ्य के लिए की गई छोटी सी पहल है हमे उम्मीद है भविष्य में हम सब मिलकर इसी तरह समाज में चेतना लाने का प्रयास करते रहेंगे। जाहिदपुर स्वास्थ्य केंद्र के संचालक द्वारा यह कार्यक्रम उनके केंद्र पर करने के लिए धन्यवाद दिया और भविष्य में सहयोग की अभिलाषा की। कार्यक्रम में जनहित फाउंडेशन की निर्देशिका अनिता राणा, स्नेह फाउंडेशन के सदस्य श्री एस0एन0तिवारी व अवि तिवारी, डॉक्टर यशपाल शर्मा प्रभारी जाहिदपुर स्वास्थ्य केंद्र और जाहिदपुर स्वास्थ्य केंद्र, जयभीम नगर स्वास्थ्य केंद्र, फफूडा स्वास्थ्य केंद्र व राजेंद्र नगर शास्त्रीनगर के अंतर्गत आने वाली समस्त आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का 162 वा बलिदान दिवस मनाया



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** दौराला में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का 162 वा बलिदान दिवस मनाया। मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाली नारी शक्ति एवं वीरता के प्रतीक रानी लक्ष्मीबाई जी के बलिदान दिवस पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि पूर्व भाजयुमो जिला मंत्री मनिंदर विहान भराला के नेतृत्व दी गई इस दौरान साथ रहे समाजसेवी पुरुषोत्तम उपाध्याय ,प्रदुमन जैन, रमन बालियान, अमित विहान, गुल्लू आदि।

# 19 ग्राम प्रधान व 188 सदस्यों को दिलाई शपथ



**मेरठ दर्पण-बिनौली।** ग्राम पंचायतों में सदस्यों का कोरम पूरा न होने के कारण शपथ से वंचित रहे ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सदस्यों को शुक्रवार को ऑनलाईन कर्तव्यों व अधिकारों की शपथ दिलाई गयी। ग्राम पंचायत सदस्यों के उपचुनाव के बाद सदस्यों का कोरम पूरा होने पर आयोजित हुए शपथ ग्रहण में ग्वालीखेड़ा के सचिवालय पर ग्राम पंचायत सचिव सुनील सिंह ने नव निर्वाचित ग्राम प्रधान सोनिया शर्मा व ग्राम पंचायत सदस्यों को उनके कर्तव्यों व अधिकारों की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पूर्व प्रधान दीपक शर्मा, वेदप्रकाश, सेवकराम, ब्रजमोहन शाश्त्री, राकेश, हरिओम आदि मौजूद रहे।ह्रग्राम पंचायत सिरसलगढ़ दरकावदा में फेमिदा, जिवाना गुलियांन में विपिन सौलंकी, गल्हैता में अमिता, हजूराबाद गढ़ी में इंद्रपाल, केडवा में देवेंद्र उर्फ देवा, तितरोदा में सीमा देवी, बेगमाबाद गढ़ी में ब्रजवीर सिंह, माखर में सुमित्रा देवी, दोझा से सलमा खातून सहित 19 प्रधान व 188 ग्राम पंचायत सदस्यों को बीडीओ राहुल वर्मा ने ऑनलाईन कर्तव्यों व अधिकारों की शपथ दिलाई।ह्र

# सपा नेता पवन गुर्जर ने अपर नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** सपा नेता पवन गुर्जर ने सड़क व नाला निर्माण कार्य जल्द होने की माँग को लेकर अपर नगर आयुक्त को ज्ञापन दिया ।सपा नेता का कहना हे की योगी सरकार में सड़कों में गड्ढे ही गड्ढे हैं एक घंटे की बारिश से सड़कों पर घुटनों पानी भर जाता है ।दक्षिण विधानसभा की सड़कों का बुरा हाल है कई मुख्य मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है रिठानी पीर से पुट्ठा तक सड़क निर्माण ,कुंडा फाटक से थ्ब् गोदाम तक सड़क ,निर्माण नूर नगर के आस पास की कश्वलोनियों जिनमें मदीना कश्वलोनी फ्रेंड्स कश्वलोनी समर गार्डन शौकत कश्वलोनी आदि कश्वलोनियों का साफ सफाई सड़क और नाली निर्माण , नूर नगर पुलिया से दिल्ली रोड तक सड़क व नाला निर्माण कार्य जल्द शुरू करने की माँग को लेकर नगर निगम में प्रदर्शन किया। जल्द कार्य न शुरू होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। नितिन कुंडा ,निशान्त भड़ाना, अमजद अली ,गौतम ,फरदीन ,सुमित खलनायक ,सचिन ,सैम ,आदि लोग उपस्थित रहे ।

# देश की प्राचीन योग विद्या को दुनिया ने अपनायाः नरेश कुमार

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** 21 जून का दिन दुनिया के लिए नया नहीं है। दुनिया के 200 से अधिक देशों में 21 जून को योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। देश की प्राचीन योग विद्या को दुनिया ने अपनाया है। योग के दिवस के लिए 21 जून का दिन ही क्यों चुना गया। क्योंकि यह दिन वर्ष का सबसा बडा दिन होता है। इस दिन सूर्य भगवान उत्तरायण से दक्षिणायन की तरफ आ जाते हैं। अब चार माह तक कोई शुभ काम नहीं होगा। यह चाह माह हमारे लिए अध्यात्मिक शक्ति संचय करने के लिए होते हैं। यदि हम दीधायु चाहिय तो वह केवल योग से ही संभव है। यह बात चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय और क्रीडा भारती द्वारा आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर के दूसरे दिन आरएसएस के क्षेत्रीय शारीरिक प्रमुख नरेंश कुमार ने कही। योग गुरू स्वामी कर्मवीर जी महाराज ने कहा कि हमें अपने अंदर सकारात्मक विचार को लाना चाहिए। यदि नकारात्मक विचार हमारे अंदर आ जाते हैं तो हम वैसे




ही बन जाते हैं। इसलिए कहा भी जाता है कि हम जैसा विचार करते हैं वैसा ही हमारा शरीर भी बन जाता है। शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग का बहुत बडा महत्व है। जहां एक ओर दुनिया कोरोना जैसी महामारी से प्रभावित है। वहीं दूसरी ओर भारत में इसका बहुत कम प्रभाव है। क्योंकि हम प्रतिदिन योग का अभ्यास करते हैं। इसीलिए हमारी शरीर रोगों से लडने के लिए ज्यादा प्रभावकारी है। हमारी रोग प्रतिरोधक क्षमता अधिक है। उन्होंने कहा कि योग करने से कोरोना जैसी महामारी भाग जाएगी। श्वास क्रिया से योग का अभ्यास करना चाहिए। योग शिविर का संचालन राजन ने किया। इस अवसर पर कुलपति प्रो0 नरेंद्र कुमार तनेजा, प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला, कुलसविच धीरेंद्र कुमार वर्मा, प्रो0 वीरपाल, प्रो0 एके चौबे, प्रो0 भूपेंद्र सिंह, प्रो0 नवीन चंद्र लोहानी, प्रो0 आलोक कुमार, प्रो0 एसएस गौरव, प्रो0 नीलू जैन गुप्ता, डॉ0 विवेक त्यागी, प्रेस प्रवक्ता मितेंद्र कुमार गुप्ता, प्रांतीय अध्यक्ष डॉ0 संदीप त्यागी प्रांत मंत्री अनिल शर्मा, डॉ0 प्रशांत कुमार, डॉ0 ओमपाल शास्त्री, आदि मौजूद रहे।

# योग की साधना समर्पण की साधना हैः योग गुरु डॉ सुरक्षित गोस्वामी

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित पांच दिवसीय अंतरराष्ट्रीय योगा शिविर के दूसरे दिन प्रख्यात योग गुरु डॉ सुरक्षित गोस्वामी मुख्य वक्ता के रूप में आकर्षण का केंद्र रहे। इसी अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र ने बताया कि जब किसी उत्सव को मनाने की बात आती है तो उसके पीछे कोई न कोई वजह होती। इस बार शोभित विश्वविद्यालय सातवें अंतरराष्ट्रीय योगा दिवस को उत्सव के रूप में मना रहा है। हमें यह सीखने की आवश्यकता है कि योग के साथ कैसे जिया जाए ना कि योग को कैसे किया जाए। आज मनुष्य के अंदर धैर्य की कमी हो गई है लेकिन अगर आपको अपनी जड़ों को मजबूत करना है तो हमें धैर्य बनाकर रखना होगा तभी आप अपने व्यक्तित्व एवं जीवन को मजबूत बना सकेंगे। योग गुरु डॉ सुरक्षित गोस्वामी ने बताया कि उत्सव है तो जीवन है। हमारा जीवन पल-पल एक उत्सव का रूप होना चाहिए। यह हमें निर्धारित करना होगा कि हमें तनाव में जीना है या प्रसन्नता से जीना है। हमारे ऋषियों




ने अनुसंधान किया और एक ऐसी विद्या मानव जाति के लिए उपलब्ध करा दी जिससे वह पल -पल को उत्सव के रूप में जी सके और वह विद्या योग की विद्या है। योग की साधना समर्पण की साधना है क्योंकि समर्पण का भाव रखना ही योग है। यम और नियम को जब हम अपनाते हैं तो हम अपने जीवन को एक दिशा देते हैं। योग हमें मुस्कुराना सिखाता है। यदि योग को हम अपने जीवन का हिस्सा बनाते हैं तो जीवन उत्सवम बन जाता है। कार्यक्रम के अंत में योग गुरु डॉ गोस्वामी ने विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय योग शिविर की सराहना करते हुए विश्व विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं कुलाधिपति कुंवर शेखर विजेंद्र जी को धन्यवाद दिया। योगा शिविर के दूसरे दिन का संचालन स्ट्रैटेजिक कम्युनिकेशन हेड शीतल खरका द्वारा किया गया।

# बलिदान दिवस पर रानी लक्ष्मीबाई को दी श्रद्धांजलि

**मेरठ दर्पण-बागपत।** रालोद पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को 1857 की क्रांति की महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस मनाया गया। सभी ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर रालोद के पश्चिमीउत्तर प्रदेश के महासचिव ओमवीर ढाका ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर प्रकाश डाला और देश व समाज के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य गिनाये। बताया कि रानी लक्ष्मीबाई का जीवन शुरू से ही काफी कष्ट में बीता। बचपन में ही उनके सिर से मां का साया उठ गया था। इसके अलावा देश की आजादी के लिए उन्हें अपने पति, पिता व पुत्र का भी बलिदान देना पड़ा। उन्होंने जीवन में कभी भी सिर पर मुकुट धारण नहीं किया। जीवन भर वे देश को आजाद कराने के लिए लगी रही और अपना सब कुछ इस देश की खातिर



न्यौछावर कर दिया, जिससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। अंत में सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर अनिल डागर, निसार अल्वी, बाबूराम शर्मा, अनिल कश्यप, अनिरुद्ध शर्मा, योगेंद्र, अमित आदि थे।

# स्व मूलचंद सर्राफ को तमाम लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** वैश्य समाज की शान शहर को 2-2 चेयरमैन देने वाले हर दिल अजीज स्वर्गीय लाला मूलचंद सर्राफ की रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा में तमाम लोगों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया। प्रमुख समाजसेवी एवं नगर सेठ प्रमुख उद्यमी स्वर्गीय लाला मूलचंद सर्राफ की आत्मा को शांति देने के लिए रस्म पगड़ी कार्यक्रम एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन संपन्न हुआ स्वर्गीय लाला मूलचंद सर्राफ का स्वर्गवास विगत 5 जून 2021 दिन शनिवार को हो गया था आज उनके निज स्थान 165 दक्षिण सिविल लाइन निकट संदीप सिनेमा मुजफ्फरनगर रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करते हुए रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई इस अवसर पर पारिवारिक लोग सगे संबंधी एवं मित्रगण पधारे सभी ने स्वर्गीय लाला मूलचंद सर्राफ के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें हार्दिक श्रद्धांजलि अर्पित की इस अवसर पर स्वर्गीय लाला मोचन सर्राफ की धर्मपत्नी श्रीमती रुकमणी देवी एवं भाई भाभी शिवनारायण, सुशीला अग्रवाल, एवं अशोक, अंजू अग्रवाल, पुष्पेंद्र, प्रभा अग्रवाल, सुरेंद्र, दीपा अगरवाल, एवं भतीजे सुशील, अभिषेक, अभिनव, प्रशांत, प्रसून अग्रवाल, एवं पुत्र पुत्रवधू पंकज , आरती अग्रवाल, नवीन, प्रीति अग्रवाल एवं पुत्री दामाद रेखा, विजय कुमार, रेनू ,तिलक राज, मीनू, नीरज कुमार, पारुल, पीयूष प्रकाश, एवं पौत्र वासुदेव, राघव, कनव, एवं पोत्री वर्णिका आदि मौजूद रहे एवं स्वर्गीय लाला मूलचंद सर्राफ के मूलचंद सर्राफ के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उनके मार्ग का अनुसरण करने का संकल्प ले कर सभी लोगों का आभार गत किया इस मौके पर उनके व्यापारिक प्रतिष्ठान ताराचंद मूलचंद ज्वेलर्स, रतनदीप ज्वेलर्स, वैष्णव स्टील प्राइवेट लिमिटेड, तिरुपति बालाजी फाइनेंस फाइबर्स लिमिटेड, बिंदल्स डुप्लेक्स लिमिटेड, सिल्वर्टोन पेपर लिमिटेड, अग्रवाल डुप्लेक्स बोर्ड मिल्स लिमिटेड, रामा श्यामा पेपर्स लिमिटेड बरेली, सप्तम डेकोर प्राइवेट लिमिटेड, टिहरी पल्प एंड पेपर लि, श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से केंद्रीय राज्यमंत्री संजीव बालियान राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल मुरादाबाद के महापौर विनोद अग्रवाल पूर्व विधायक पंकज मलिक पूर्व विधायक अशोक कंसल सपा के वरिष्ठ नेता गौरव स्वरूप कांग्रेस पार्टी के जिला अध्यक्ष सुबोध शर्मा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता तारीख कुरेशी समाजसेवी संगठनों से जुड़े हुए लोग शहर के लगभग सभी व्यापार संगठनों के पदाधिकारी मीडिया सेंटर के अध्यक्ष अनिल रश्वयल एवं मीडिया जगत से जुड़े हुए अनेक गणमान्य लोग नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी पालिका के सभासदों के अलावा अलग-अलग फील्ड में कार्य कर रहे सामाजिक लोगों ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर स्वर्गीय लाला मूलचंद सर्राफ के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित



की रस्म पगड़ी कार्यक्रम एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम कोविड-19 की गाइड लाइन के अंतर्गत संपन्न हुआ लोगों ने मास्क लगाया था सोशल डिस्टेंस का भी पालन किया हुआ था यदि कोरोना काल ना होता तो लाखों की संख्या में उनके परिचित लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचते परंतु कोविड-19 की गाइड लाइन का ध्यान रखते हुए संक्षिप्त कार्यक्रम रस्म पगड़ी एवं श्रद्धांजलि सभा पारंपरिक एवं धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुई इस अवसर पर परिवार के सभी लोग मौजूद रहे व्हाट्सएप पर भी लगातार लोगों के संदेश शोक संदेश एवं श्रद्धांजलि देने हेतु लगातार आते रहे कार्यक्रम मैं पुलिस एवं प्रशासन के भी वरिष्ठ अधिकारी गण मौजूद रहे।

# झांसी रानी पार्क में वीरांगना झांसी रानी का बलिदान दिवस मनाया, प्रतिमा पर समाजसेवी मनीष चौधरी ने किया माल्यार्पण



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** देश की आजादी के लिए अंग्रेजी शासन के खिलाफ लडाई लड़कर अपने प्राणों का आहूति देने वाली महान वीरांगना झांसी की रानी के बलिदान दिवस पर आज शहर में झांसी रानी पार्क पर झांसी रानी की प्रतिमा पर समाजसेवी मनीष चौधरी के नेतृत्व में माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी मनीष चौधरी ने कहा कि आज महान वीरांगना झांसी रानी का बलिदान दिवस है, झांसी रानी ने देश की आजादी के लिए अंग्रेजी शासन के खिलाफ लडाई लड़ कर अपनी जान न्यौछावर कर दी थी। आज की महिलाओं को भी झांसी रानी की तरह निडर रहकर देश व समाज की सेवा करते रहना चाहिए। युवाओं को भी मेहनत व ईमानदार तरीके से आगे बढ़ते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज झांसी रानी के बलिदान दिवस पर आज भी नगरपालिका परिषद की चेयरमैन अंजू अग्रवाल ने पार्क की सफाई व्यवस्था नहीं कराई, जो बेहद दुख की बात है। आज झांसी रानी पार्क में गंदगी देखकर मन को बहुत कष्ट हुआ। उन्होंने मांग की है कि पार्क की सफाई व्यवस्था कराई जाए और पार्क का पुनर्निर्माण कराया जाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से सरदार अमरजीत सिंह सिडाना, केपी चौधरी, सुरेंद्र मित्तल, बिट्टू सिखेडा, एके गौतम, नवीन कश्यप, कुलदीप गोस्वामी, शंटी धीमान, राधेश्याम कश्यप, संजय मदान, नदीम अंसारी आदि मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, ससुरालियों पर हत्या का आरोप



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** पुरकाजी कोतवाली क्षेत्र के कम्हेड़ा गांव में उस समय हडकंप मच गया जब संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता की मौत हो गई। घटना की सूचना पर विवाहिता के परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी गई। जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने विवाहिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं विवाहिता के परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने विवाहिता के परिजनों की तहरीर के आधार पर दहेज उत्पीड़न, हत्या जैसी गंभीर धाराओं में ससुरालियों पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरु कर दी है।

# अभियुक्त शादाब उर्फ भीम पुत्र अखलाक बेग की सम्पत्ति की गई कुर्क

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर अभियुक्त शादाब उर्फ भीम पुत्र अखलाक बेग निवासी हण्डिया मौहल्ला की लाखों की संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई आज पुलिस ने अंजाम दी। इसमें उसके द्वारा अपने व परिजनों के नाम से खरीदी गई संपत्ति शामिल है। थाना सिविल लाईन और थाना कोतवाली नगर पर दर्ज मामलों उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 पंजीत हुआ। गैंगस्टर एक्ट में नाजमद उक्त अभियुक्त के द्वारा एक संगठित गिरोह के सदस्य के रूप में अनुचित रूप से आर्थिक एवं भौतिक लाभ प्राप्त करने व समाज में भय व आंतक पैदा करने के उद्देश्य से नशीले पदार्थो की तस्करी व हत्या का प्रयास, हत्या, बलवा जैसे अपराध कारित करके समाज विरोधी क्रियाकलाप करते हुए अर्जित अवैध धन से अपने भाई असलम बैग, माता श्रीमती शमशीदा बैग, व अपनी पत्नी श्रीमती सोनी बेग व बहन कु मिस्वा बैग निवासी हण्डिया मौहल्ला थाना सिविल लाईन जनपद मुजफ्फरनगर के नाम क्रय की गयी अचल सम्पत्ति को कुर्क किये जाने के सम्बन्ध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुजफ्फरनगर की संस्तुति साथ संलग्न थानाध्यक्ष थाना सिविल लाईन की विस्तृत आख्या इस न्यायालय को प्रेषित की गई है। थानाध्यक्ष सिविल लाईन की आख्या के अवलोकन से स्पष्ट है कि गैंग का गैंगलीडर अभियुक्त शादाब उर्फ भीम पुत्र अखलाक बेग निवासी हण्डिया मौहल्ला थाना सिविल जिला मुजफ्फरनगर शातिर किस्म का अपराधी है। इसके विरुद्ध थाना सिविल लाईन व कोतवाली नगर जिला मुजफ्फरनगर पर हत्या, बलवा, हत्या का प्रयास व एनडीपीएस एक्ट आदि के मामले दर्ज। कुर्क की गई संपत्ति में अचल सम्पत्ति का विवरण- एक दुकान नम्बर 12 नगर पालिका नम्बरी 42ए मौहल्ला सरवट गेट



उत्तरी मलिक मार्किट में क्षेत्रफल 9.59 वर्गमीटर कीमत बैनामे के अनुसार 2,50,000 रूपये अपनी पत्नी श्रीमती सोनी बेग के नाम दिनांक 05.09.2019 के बैनामें के अनुसार वर्तमान कीमत करीब 10,00,000 रूपये। अभियुक्त शादाब उर्फ भीम उपरोक्त मौ0 हण्डिया थाना सिविल लाईन जनपद मु0नगर स्थित अपने पिता के मकान में रहता था। वर्तमान में अपनी पत्नी सोनी बेग के नाम से खरीदी गयी उपरोक्त दुकान की छत व अन्य दुकानों की छत पर अपना प्रभाव जमाते हुए एक मकान जिसकी वर्तमान कीमत करीब 40,00,000 रूपये है बना लिया, जिसमें अभियुक्त शादाब उर्फ भीम की पत्नी व बच्चे वर्तमान में निवास कर रहे है। कु मिस्वा बेग पुत्री अखलाक बेग निवासी मं0न0-181 हण्डिया मौहल्ला थाना सिविल लाईन जनपद मुजफ्फरनगर अभियुक्त शादाब उर्फ भीम की बहन अचल सम्पत्ति में एक दुकान नगर पालिका नम्बर जुज 42/ए प्राईवेट दुकान क्षेत्रफल 7.74 वर्गमीटर स्थित मौ0 सरवट गेट उत्तरी मलिक मार्किट में कीमत बैनामें के अनुसार 4,57,000 रूपये दिनांक 27.07.2018 को क्रय की गयी है जिसकी वर्तमान कीमत करीब 15,00,000 रूपये है शामिल है।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोन 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।